सर्वश्रेष्ठ संस्थान के लिए दो बार कॉमनवेल्थ ऑफ लर्निंग के आंतरराष्ट्रीय गुणवत्ता पुरस्कार से सन्मानित
मानव संसाधन विकास मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा 'स्वच्छ कॅम्पस रॅकिंग' 2019' मानांकन प्राप्त

यशवंतराव चव्हाण महाराष्ट्र मुक्त विश्वविद्यालय, नासिक

नॅक मानांकन 'अ' श्रेणी

www.ycmou.ac.in

मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान संकाय

हिंदी (M85)

स्नातकोत्तर उपाधि (एम. ए.) शिक्षाक्रम

(राष्ट्रीय शैक्षणिक नीति, 2020 के अनुसार)

विवरण पुस्तिका

शैक्षणिक वर्ष - जनवरी 2026-27



विश्वविद्यालय गीत

एक प्रतिज्ञा असे आमुची ज्ञानाची साधना ।
चिरंतन ज्ञानाची साधना ।
ज्ञान हेच संजीवन साऱ्या जगताच्या जीवना ॥ धृ ॥

ज्योत जागवू सुजाणतेची सकलांच्या अंतरी ।
तीच निवारील पटल तमाचे प्रभात सूर्यापरी ।
ज्ञानच देउळ, ज्ञानच दैवत, प्रगतीच्या पूजना ॥ १ ॥

नव्या युगाचा नव्या जगाचा ज्ञान धर्म आहे ।
त्यातच अमुच्या उजळ उद्याचे आश्वासन राहे ।
मुक्त करिल तो परंपरेच्या बंदिघरातुन मना ॥ २ ॥

हाच मंत्र नेईल आम्हाला दिव्य भविष्याकडे ।
न्यायनीतीचे पाऊल जिथे भेदाशी ना अडे ।
जे जे मंगल पावन त्याची जेथे आराधना ॥ ३॥

कुसुमाग्रज

निर्माण

प्रा. नागार्जुन वाडेकर
निदेशक, मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान संकाय,
यशवंतराव चव्हाण महाराष्ट्र मुक्त विश्वविद्यालय, नासिक - 422 222

निर्माण सहायक एवं हिंदी अनुवाद

डॉ. पन्नालाल धुर्वे
शैक्षणिक समन्वयक (हिंदी), मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान संकाय,
यशवंतराव चव्हाण महाराष्ट्र मुक्त विश्वविद्यालय, नासिक - 422 222

© 2025 यशवंतराव चव्हाण महाराष्ट्र मुक्त विश्वविद्यालय, नासिक

- प्रकाशन : जनवरी, 2026
- अक्षर संयोजन : गुलाब घाटाळ, मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान संकाय,
- प्रकाशक : कुलसचिव, यशवंतराव चव्हाण महाराष्ट्र मुक्त विश्वविद्यालय, नासिक - 422 222

हिंदी स्नातकोत्तर उपाधि (एम. ए.) शिक्षाक्रम (M85) : विवरण पुस्तिका

शैक्षणिक वर्ष – जनवरी 2026-27

अनुक्रमणिका

01. मुक्त विश्वविद्यालय का परिचय
    1.1 मुक्त विश्वविद्यालय के उद्देश्य
02. संकाय का परिचय
    2.1 संकाय के उद्देश्य
    2.2 संकाय की विशेषताएँ
03. अध्ययन पद्धति
    3.1 श्रेयांक
    3.2 अध्ययन सामग्री
04. शिक्षाक्रम के संदर्भ में
    4.1 शिक्षाक्रम प्रारूप
    4.2 शिक्षाक्रम के उद्देश्य एवं अपेक्षित अधिगम परिणाम
05. शिक्षाक्रम संरचना
    5.1 प्रथम वर्ष पाठ्यक्रम (प्रवेश पात्रता, अवधि, माध्यम, शिक्षाक्रम शुल्क)
    5.2 द्वितीय वर्ष पाठ्यक्रम (प्रवेश पात्रता, अवधि, माध्यम, शिक्षाक्रम शुल्क)
06. मूल्यांकन पद्धति
    6.1 प्रथम वर्ष मूल्यांकन पद्धति (अंतर्गत, अंतिम/ सत्रांत, क्षेत्रीय परियोजना)
    6.2 द्वितीय वर्ष मूल्यांकन पद्धति (अंतर्गत, अंतिम/ सत्रांत, क्षेत्रीय परियोजना)
    6.3 गृहकार्य ऑनलाईन अपलोड करने के संदर्भ में सूचना
07. पंजीकरण /प्रवेश प्रक्रियाँ
08. विश्वविद्यालय के शिक्षाक्रम में लागु छात्रवृत्ति योजना
09. ABC- ID/ APPAR-ID और DEB-ID तैयार करने के संबंध में सूचना
10. विशेष सूचना / संपर्क के लिए
11. साइबर सिक्युरिटी पाठ्यक्रम (अनिवार्य ऑडीट कोर्स)
12. क्षेत्रीय केंद्र
13. परिशिष्ट
    परिशिष्ट 01 : उम्मीदवार/ छात्र करारनामा (हिंदी और अँग्रेजी)
    परिशिष्ट 02 : गरीब छात्र सहायता योजना के नियम
    परिशिष्ट 03 : विश्वविद्यालय अनुदान आयोग का (युजीसी) मान्यता पत्र (२००४)
    परिशिष्ट 04 : मुक्त विश्वविद्यालय की उपाधि और पदविका समकक्ष और सरकार मान्यता के संदर्भ में महाराष्ट्र सरकार का निर्णय
    परिशिष्ट 05 : पूर्वतैयारी के बाद, उपाधि प्राप्त करने के पश्चात१०वी / १२वी समकक्ष के संदर्भ में सरकार निर्णय
    परिशिष्ट 06 : एक से अधिक शिक्षाक्रम में प्रवेश हेतू दूरस्थ शिक्षा मंडल का मान्यता पत्र
    परिशिष्ट 07 : विश्वविद्यालय अनुदान आयोग का (युजीसी) 12-B मान्यता पत्र
    परिशिष्ट 08 : गरीब छात्र सहायता एवं कल्याण योजना के नियम
    परिशिष्ट 09 : अनिवार्य ऑडीट कोर्स- सायबर सिक्युरिटी के संबंध में जानकारी (मराठी)
    परिशिष्ट 10 : सायबर सिक्युरिटी पाठ्यक्रम के संबंध में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग का (यु.जी.सी.) पत्र
    परिशिष्ट 11 : IBM Certificate Program in Emerging tecnologies
    परिशिष्ट 12 : श्रेणी / गुण सुधार योजना
    परिशिष्ट 13 : शिक्षाक्रम : समय-सारणी (TimeTable)

01. मुक्त विश्वविद्यालय का परिचय

मुक्त विश्वविद्यालय यह अवधारणा नई है, इसे दुनिया भर में व्यापक रूप से स्वीकार की गई है। विभिन्न कारणों से अनेक लोगों को शिक्षा बीच में ही छोड़ना पड़ा है, ग्रामीण क्षेत्रों में शैक्षणिक सुविधाओं की आभाव के कारण शिक्षा से वंचित रहना पड़ता है और नौकरियों तथा व्यवसायों के कारण आगे शिक्षा की इच्छा होते हुए भी नहीं कर पता उनके लिए उच्च शिक्षा के सुअवसर प्रदान करने के उद्देश्य से मुक्त विश्वविद्यालय क्रियात्मक हो गए हैं। 1969 में विश्व का पहला मुक्त विश्वविद्यालय इंग्लैंड में स्थापित किया गया। इसके बाद चीन, जपान, कॅनडा, थायलंड, श्रीलंका, पाकिस्तान और बांग्लादेश ऐसे अनेक देशों में मुक्त विश्वविद्यालय स्थापित होकर विविध शिक्षाक्रम में समाज के इच्छित लोगों को अवसर दिए जा रहे हैं। भारत में 1982 को हैदराबाद (आंध्रप्रदेश) में डॉ. बी. आर. आंबेडकर पहला मुक्त विश्वविद्यालय स्थापित किया गया है। सन 1985 में केंद्र सरकार ने दिल्ली में इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय की स्थापना की। इसके बाद क्रमश: राजस्थान, बिहार, महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश, गुजरात, कर्नाटक, पश्चिम बंगाल, उत्तरप्रदेश, तामिलनाडू, छत्तीसगढ, आसाम, उत्तराखंड, ओडीसा, पंजाब और केरल आदि राज्यों में मुक्त विश्वविद्यालय का कार्य प्रारंभ हो गया।

महाराष्ट्र में सामाजिक और शैक्षणिक परिवर्तन लाने में अनेक महान विचारकों ने महत्वपूर्ण योगदान दिया हैं। जिसमें महात्मा जोतिबा फुले, क्रांतिज्योती सावित्रीबाई फुले, राजर्षी शाहू महाराज, डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर, डॉ. पंजाबराव देशमुख, कर्मवीर भाऊराव पाटील, स्वामी रामानंद तीर्थ आदि महान व्यक्तियों का अमूल्य योगदान है। उनकी कार्य को आगे बढ़ाते हुए उच्च शिक्षा गाँवों तक पहुँचाने का लक्ष्य साकार करने हेतु महाराष्ट्र में अन्य विश्वविद्यालयों की तरह 1 जुलाई 1989 को महाराष्ट्र सरकार द्वारा विधिमंडल क्रमांक XX (1989) के तहत मुक्त विश्वविद्यालय की स्थापना की गई है। यह विश्वविद्यालय आधुनिक महाराष्ट्र के जननायक यशवंतराव चव्हाण के नाम से स्थापित किया गया है। यह विश्वविद्यालय भारत का पाँचवा और महाराष्ट्र का पहला मुक्त विश्वविद्यालय है। विश्वविद्यालय का मुख्यालय नाशिक शहर में स्थित है। विश्वविद्यालय का कार्यक्षेत्र संपूर्ण महाराष्ट्र में फैला हुआ है। ८ विभागीय/ क्षेत्रीय केंद्रों के माध्यम से महाराष्ट्र में २४०० से अधिक अध्ययन सहाय्यता केंद्र (अध्ययनकेंद्र) से जुड़े हुए हैं। यशवंतराव चव्हाण महाराष्ट्र मुक्त विश्वविद्यालय को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) अधिनियम 12(बी) के तहत मान्यता दी गई है। महाराष्ट्र राज्य विधीमंडळ और यूजीसी ने विश्वविद्यालय को विभिन्न प्रमाणपत्र, पदविका, स्नातक, स्नातकोत्तर और शोध शिक्षा के लिए अनुमति दी है। यशवंतराव चव्हाण महाराष्ट्र मुक्त विश्वविद्यालय अनेक राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय शैक्षणिक संस्थान के सदस्य है। विश्वविद्यालय को सर्वश्रेष्ठ संस्थान के रूप में कॉमनवेल्थ ऑफ लर्निंग अंतरराष्ट्रीय गुणवत्ता पुरस्कार से दो बार सम्मानित किया गया है। इसके अलावा विश्वविद्यालय ने नॅक मानांकन 'अ' श्रेणी प्राप्त की है।

यशवंतराव चव्हाण महाराष्ट्र मुक्त विश्वविद्यालय देश के सभी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालयों के समकक्ष हैं। महाराष्ट्र सरकार और भारत सरकार के मान्यता प्राप्त सभी सरकारी, निजी संस्थानों, और विविधमंडलों में नौकरी, नौकरी में बढ़ती प्राप्त करने और आगे की शिक्षा हेतु इस विश्वविद्यालय का शिक्षाक्रम उपयोगी होगी। विश्वविद्यालय का पाठ्यक्रम अन्य विश्वविद्यालयों के पाठ्यक्रम के समकक्ष है। महाराष्ट्र राज्य लोकसेवा आयोग ने पहले ही यशवंतराव चव्हाण महाराष्ट्र मुक्त विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों को महाराष्ट्र राज्य लोकसेवा आयोग की परीक्षा के लिए पात्र माना है। विश्वविद्यालय के अनेक विद्यार्थी राज्य और केंद्रीय लोकसेवा आयोग की विभिन्न प्रतियोगिता परीक्षाओं में सफलता प्राप्त कर चुके हैं।

महाराष्ट्र राज्य एवं राष्ट्र के विकास में सुसंगत और समन्वित रूप से विभिन्न शिक्षाक्रमों को उपलब्ध कराने हेतु इस मुक्त विश्वविद्यालय का मुख्य उद्देश्य रहा है। तकनीकी विज्ञान और उससे संबधित जीवन पद्धतियों के बदलते संदर्भ में समाज को ज्ञानमय शिक्षाक्रम विकसित करना मुक्त शिक्षा पद्धति का लक्ष्य रहा है। इसलिए, जीवनभर शिक्षा', 'काम करते-करते शिक्षा, नौकरी, व्यवसाय में पूरक और कौशल आधारित शिक्षा आदि संकल्पना को प्रत्यक्ष रूप में लाकर अध्ययनशील समाज के विकास में विश्वविद्यालय का सहयोग रहा है।

"ज्ञानगंगा घर-घर" यह विश्वविद्यालय का ब्रीदवाक्य (Motto) है और यह 'लोकविश्वविद्यालय' बनने की दिशा में अग्रसर है। समाज के वंचित तबके / समूह और आर्थिक रूप से कमजोर लोगों तक शिक्षा पहुँचाना विश्वविद्यालय का मुख्य लक्ष्य रहा है। मुख्यालय,

क्षेत्रीय (विभागीय) केंद्र, जिला केंद्र, अध्ययन सहायता केंद्र, के माध्यम से विश्वविद्यालय विविध शिक्षाक्रम ग्रामीण, शहरी और आदिवासी क्षेत्र तक पहुँचाने का कार्य कर रहा है। मातृभाषा के माध्यम से शिक्षा उपलब्ध कर लोगभाषा को ज्ञानभाषा का दर्जा प्राप्त कर देना यह विश्वविद्यालय का प्रयास है। इस तरह यशवंतराव चव्हाण के शैक्षणिक दर्शनशास्त्र के अनुसार विश्वविद्यालय कार्य कर रहा है।

1.1 मुक्त विश्वविद्यालय के उद्देश्य

1. समाज के आर्थिक रूप से दुर्बल स्तर तक 'ज्ञानगंगा' पहुँचाकर, शहर, ग्रामीण, पिछड़ा क्षेत्र के परिश्रमी, गृहिणी एवं अन्य वयस्कों की आवश्यकताओं को पहचानकर स्नातक शिक्षा, व्यावसायिक, तकनीकी व अन्य शिक्षा-प्रशिक्षण की सुविधा प्रदान कर, समाज के विविध स्तर के लोगों की ज्ञानात्मक विषमता को दूर करना या माध्यम के रूप में कार्य करना।
2. सभी स्तर के जो सीखना चाहते हैं, उन्हें आयु, अवधि, और पात्रता नियमों की बाधाओं को दूरकर आसानी से शिक्षा प्राप्त करने के लिए लचीली और क्रियात्मक मुक्त शिक्षा प्रणाली का समावेश करना।
3. पारंपरिक विश्वविद्यालय में शिक्षा पूरी न कर पाए उम्मीदवारों को प्राप्त शैक्षिक शिक्षा के आधार पर मुक्त विश्वविद्यालय में उपलब्ध शिक्षाक्रम में प्रवेश देकर शिक्षा के लिए आगे बढ़ाना।
4. औपचारिक और अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से विभिन्न कलाओं और कौशल विकास के लिए गुणात्मक शिक्षा प्रदान करना, शैक्षिक विस्तार सेवाओं की गतिविधियों के माध्यम से, बदलते तंत्रज्ञान के अनुकूल नए तंत्रज्ञान में वयस्कों को प्रशिक्षित करना साथ ही भारत और विशेष रूप से महाराष्ट्र के कला, परंपरा सामाजिक और सांस्कृतिक ज्ञान को संरक्षित कर बढ़ावा देना, व्यक्तित्व विकास और राष्ट्रीय एकता के लिए विभिन्न पाठ्यक्रम विकसित करना।
5. केवल सरकारी अनुदान पर सीमित न रहकर अपना प्रशासनिक खर्चा के लिए आत्मनिर्भरता पर ज़ोर देकर, निजी और सामाजिक संस्थाओं के साथ वित्तीय सहयोग प्राप्त करना और आधुनिक उपकरण (संगणक) का प्रभावी उपयोग कर कम दामों में गुणवत्तापूर्ण कार्यप्रणाली विकसित करना।

02. संकाय का परिचय

मानविकी और सामाजिक विज्ञान संकाय में मानवीय मूल्यों के साथ मानवनिर्मित कला, भाषा, साहित्य, सर्जनशीलता तथा पारिवारिक संस्थान, राज्य संस्थान और वित्तीय संस्थान की संरचना दर्शन, इतिहास और परंपराओं का अध्ययन किया जाता है। 21वीं सदी की वैश्विक चुनौतियों का सामना करने के लिए बौद्धिक तैयारी करना और अध्ययनशील समाज के लिए शैक्षिक संसाधनों का विकास करना इस संकाय का उद्देश्य है। व्यक्ति विकास पर जोर देना, व्यक्ति का समग्र विकास के लिए सहायक भूमिका के रूप में संकाय के पाठ्यक्रम अपना योगदान दे रहे हैं।

2.1 संकाय के उद्देश्य

1. छात्र केंद्रित शिक्षाक्रम विकसित करना।
2. मुक्त शिक्षा प्रणाली के अनुसार लचीली अध्ययन और अध्यापन पद्धतियों का अनुपालन करना।
3. जिस समाज में शिक्षा अभी नहीं पहुँचा, ऐसे वंचित घटकों तक शिक्षा का प्रचार-प्रसार करना।
4. छात्रों को मानविकी व सामाजिक विज्ञान संकाय के ज्ञान के क्षेत्र में शिक्षा प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित करना।
5. नवज्ञानाधारित समाज की निर्माण में योगदान देना।
6. दूरस्थ शिक्षा के माध्यम से जनसामान्य तक जाकर लोगों के लिए लोकविश्वविद्यालय का निर्माण करना।

2.2 संकाय की विशेषताएँ

1. विश्व की विविध संस्कृतियों, राज्य, राष्ट्र के विकासात्मक परंपराओं का इतिहास आदि का प्रमाणपत्र, पदविका, स्नातक, स्नातकोत्तर, और पीएच.डी. शिक्षाक्रम का समावेश।
2. स्वातंत्र्य, समता, बंधुता, मानवीय अधिकार आदि मूल्येसहित पर्यावरणरक्षणादी आंदोलन, मानवी विकास निर्देशक/ सुचांक, शाश्वत विकास की उद्देश्य आदि वैश्विक कल्याणकारी संघटन कार्यायों का समावेश।
3. महिला सशक्तिकरण, वंचितों की अस्मिता लढाई, भाषा, धर्म, प्रदेश के विविध में एकता के लिए बनाएं गए चार्ट और उदाहरणों का समावेश।
4. वैश्वीकरण और स्थानीय विकास की समायोजन कर विविध आशय का पाठ्यक्रम में समावेश।
5. ग्रंथालय व सूचनाशास्त्र, जनसंचार व जनसंज्ञापन, गांधी विचारदर्शन, मानवी अधिकार, ग्राहक संरक्षण ऐसे विशेष विषय के अनुसार स्वतंत्र शिक्षाक्रम।
6. सिद्धांत और व्यवहार को जोड़ने वाले अनुप्रयुक्त पाठ्यक्रम।
7. व्यक्ति की सर्जनशीलता एवं कल्पनशीलता को प्रोत्साहित करने करनेवाले अपारंपरिक पाठ्यक्रम।
8. व्यक्तित्व विकास और व्यावसायिक सफलता प्राप्ति के लिए पूरक कौशल को बढ़ावा देनेवाला पाठ्यक्रम।
9. स्वयं-अध्ययन हेतु नवीनता से परिपूर्ण शिक्षा।
10. मूलभूत पाठ्यक्रम में विविध संकल्पनाओं पर स्पष्टीकरण देने में जोर दिया गया है।
11. स्वयं-अध्ययन पुस्तकें, गृहपाठ कार्य, क्षेत्रीय कार्य, परियोजना अध्ययन, और वेब के माध्यम से विद्यार्थियों को मार्गदर्शन और अकादमिक सहायता।
12. प्रत्येक पाठ्यक्रम में छात्रों को उनकी इच्छा और रुचि के अनुरूप विषय चयन करने की अनुमति दी गई।

03. अध्ययन पद्धति

जिन छात्राओं को रोज महाविद्यालय में जाकर शिक्षा ग्रहण नहीं सकते या अध्ययन के लिए पूरा समय नहीं देना संभव नहीं है। ऐसे छात्राओं के लिए मुक्त विश्वविद्यालय ने स्वतंत्र रूप से अध्ययन पद्धति का विकसित की है। इसमें निम्न बिंदुओं का समावेश है।

- स्वंय-अध्ययन आधारित पाठ्यपुस्तके, विषय विद्वान् प्राध्यापकों का संपर्क के अनुसार मार्गदर्शन
- अध्ययन अवधि में मूल्यांकन की सुविधा,आवश्यकता के अनुसार प्रक्टिकल करने का सुअवसर

अध्ययन में पद्धति छात्रों को केवल पाठ्यक्रम का विवरण न देते हुए उस पर अध्ययन पुस्तकों का सामग्री भी दिया जाता है। यह अध्ययन सामग्री की सॉफ्ट कॉपीज विश्वविद्यालय की वेबसाइड www.ycmou.ac.in अथवा http://ycmou.digitaluniversity.ac पर उपलब्ध है। छात्रों को इसका उपयोग करना है। यह स्वंय अध्ययन पुस्तके अन्य पुस्तकों की अपेक्षा से अलग पद्धति से लिखा गया है।

पुस्तकों में दी गई घटक एक ही बार में समझ सके इस तरह, विषय की छोटी-छोटी इकाई में विभाजन किया गया है। आलेख, चित्र आदि का सहायता से विषय की सुबोध, स्पष्ट और सुंदर रूप से रचना की है। छात्रों का अध्ययन पद्धति सुलभ रूप से हो, इस दृष्टि से पुस्तकों की छपाई की गई है। पुस्तक की प्रत्येक पृष्ठ पर दोनों ओर खाली जगह दी गई है. ताकि छात्र अपनी शंका, टिप्पण या जिज्ञासा लिख सके। अध्ययन विषय पढ़ते वक्त शंका और टिपण की उसे मदद हो सकता है, इसके अलावा पाठ्यक्रम के नीचे कुछ प्रश्नं दिए गए हैं। छात्र इकाई पढ़ने के बाद उसे वह इकाई कितना समझ पाया इसका स्वयं आकलन कर प्रश्नों उत्तर के माध्यम से कर सकते है। छात्र ने कुछ प्रश्न हल नहीं कर पाया तो वह दुबारा तुरंत उस प्रश्न का उत्तर पुस्तक में ढूंढना है। इतना करने के बाद भी अगर कुछ प्रश्न के उत्तर हल नहीं कर पाए तो, छात्र सहायता केंद्रपर संपर्क सत्र में विषय मार्गदर्शक/ प्राध्यापक (समंत्रक - Counsellar) से चर्चा कर उस प्रश्न का उत्तर ढूंढने की प्रयास करें।

अध्ययन केंद्र / छात्र सहायता केंद्र पर प्रत्येक पाठ्यक्रम के लिए सामान्यत: छुट्टी के दिन संपर्क सत्र लिया जाता है, संपर्क सत्र में संबंधित विषय के विद्वान्, मार्गदर्शक (प्राध्यापक) छात्रों को मार्गदर्शन करते हैं। संपर्क सत्र केवल व्याख्यान के स्वरूप में न होकर मार्गदर्शक के माध्यम से छात्रों का शंकाओं का समाधान किया जाता है। छात्रों को परिसंवाद में सहभाग होकर विषय जिज्ञासा और अंतर्गत मूल्यांकन के प्रति अपनी प्रगति के संबंध में जानकारी हासिल करें, इसलिए छात्र को संपर्क सत्र में उपस्थित रहना आवश्यक हैं।

छात्राओं ने उपर्युक्त सभी अध्ययन सुविधाओं का अधिक से अधिक उपयोग कर, स्वंय की अध्ययन पद्धति निर्माण करें। अध्ययन के लिए उपलब्ध समय का नियोजन करें। केवल पाठांतर अध्ययन पर जोर न देकर विषय की सुस्पष्ट ज्ञान को समझने की प्रयास करें। ज्ञान का सही समय में उपयोग करना यह ही अच्छी अध्ययन पद्धति का स्वरूप हैं, इसलिए छात्राओं ने प्रक्टिकल तथा अभ्यास पर अधिक जोर देना आवश्यक है।

3.1 श्रेयांक

मुक्त एवं दूरस्थ शिक्षा प्रणाली में अध्ययन घंटों को 'श्रेयांक'(Credit) के रूप में मापा जाता है। लगभग 30-35 अध्ययन घंटों का एक श्रेयांक' (Credit) के बराबर माना जाता है। अध्ययनार्थी को एक श्रेयांक'(Credit) का अध्ययन करने के लिए 30 - 35 घंटे लगते हैं। अध्ययन घंटों में स्वयं अध्ययन, पुस्तकें पढना, नोट्स लेना, ध्यान करना, पाठ्यक्रम के ऑडिओ-विजुअल टेप देखना, इंटरनेट पर लिखित सामग्री पढ़ना, विषय विद्वान से मार्गदर्शन लेना, सहपाठियों के साथ चर्चा करना, पुस्तक में दिए गए प्रश्नों का उत्तर लिखना आदि शैक्षणिक प्रयास शामिल हैं। राष्ट्रीय शैक्षणिक नीति, 2020 के अनुसार स्नातकोत्तर उपाधि (एम. ए.) परीक्षा सफलतापूर्वक उत्तीर्ण होने के लिए कुल 88 श्रेयांक' (Credit) के पाठ्यक्रम पुरा करना अनिवार्य है।

3.2 अध्ययन सामग्री

राष्ट्रीय शैक्षणिक,२०२०के अनुसार स्नातकोत्तर उपाधि शिक्षाक्रम के अध्ययन सामग्री देश विशेषज्ञ विद्वान के सहयोग से विकसित की गई है। विश्वविद्यालय द्वारा मुद्रित पुस्तकों का अध्ययनकेंद्र /छात्र सहायता केंद्र पर जब तक प्राप्त न होगे तब तक छात्रों ने *http://ycmou.digitaluniversity.ac* और www.*ycmou.ac.in* वेबसाइट पर .pdf स्वरूप में उपलब्ध पुस्तकों का अध्ययन करें।

❖ दृक-श्राव्य सामग्री

विश्वविद्यालय ने अनुपूरक अध्ययन के रूप में विभिन्न विषयों के विशेषज्ञों द्वारा दृकश्राव्य सामग्री (Videos) निर्माण की है। सभी व्हिडीओ https://avc.ycmou.ac.in/self_learning_material/video इस वेबसाईट पर उपलब्ध है। छात्रों ने इसका उपयोग करें।

04. शिक्षाक्रम के संबंध में

स्नातक उपाधि उत्तीर्ण पूर्ण अध्ययनार्थी छात्र के लिए उच्च शिक्षा के लिए आगे की अवसर उपलब्ध हो, इसके लिए संकाय द्वारा विविध स्नातकोत्तर उपाधि शिक्षाक्रम विकसित की गई है और समाज के अन्य वर्गों द्वारा लगातार स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम शुरू करने की माँग थी। साथ ही हिंदी में रोजगार की अवसर को ध्यान में रखकर राष्ट्रीय शैक्षणिक नीति 2020 के अनुसार हिंदी स्नातकोत्तर उपाधि (एम.ए.) शिक्षाक्रम शुरू की गई है।

समय के अनुसार हिंदी विषय में रोजगार, व्यवसायिक में विविध आवश्यक कौशल प्राप्त होने के उद्धेश्य से इस शिक्षाक्रम की रचना की गई। तात्विक एवं उपयोगी दोनों की दृष्टि से शिक्षाक्रम के पाठ्यक्रम अध्ययनार्थी को उनके आगे की भविष्य में उपयोगी

सिद्ध हो इस हेतु से पाठ्यक्रम की रचना की है। एम.ए. हिंदी शिक्षाक्रम में हिंदी साहित्य के विविध आयाम हैं, जैसे कि प्राचीन एवं मध्यकालीन साहित्य और आधुनिक साहित्य के गहन अध्ययन का अवसर मिलेगा।

एम.ए. हिंदी शिक्षाक्रम पूरा करने के बाद शिक्षा क्षेत्र में अध्यापक, पत्रकारिता, अनुवादक, लेखक, बैंक में राजभाषा अधिकारी, सरकारी और गैर-सरकारी संस्थान में कनिष्ठ अनुवादक एवं हिंदी अधिकारी के रूप में नौकरी और अनुसंधान की सभावानाएँ आदि अनेक क्षेत्रों में रोजगार का सुअवसर उपलब्ध होगे। हिंदी साहित्य की अध्ययन करने से केवल भाषा की बारीकियों की समझ नहीं बढ़ेगी, बल्कि भारतीय संस्कृति, इतिहास और समाज का गहरा ज्ञान प्राप्त होगा। एम.ए. हिंदी शिक्षाक्रम पूर्ण करने के बाद पीएच.डी.और अन्य शोध कार्यों के लिए विविध रास्ते खुलेगे, जिससे छात्र को शिक्षा और अनुसंधान क्षेत्र में योगदान देने का मौका मिलेगा। लिखित और मौखिक कौशल में सुधार होगा। मुक्त विश्वविद्यालय के माध्यम से यह विषय महाराष्ट्र भर अध्ययन हो, इसलिए हिंदी स्नातकोत्तर उपाधि (एम.ए.) शिक्षाक्रम शुरू की गई है। द्वितीय सत्र में क्षेत्रीय परियोजना कार्य करना अनिवार्य है। तृतीय और चतुर्थ सत्र में शोध परियोजना करना अनिवार्य है। इसके लिए निम्न कोष्टक की अवलोकन करें।

4.1 शिक्षाक्रम प्रारूप

राष्ट्रीय शैक्षणिक नीति, 2020 के अनुसार हिंदी स्नातकोत्तर उपाधि शिक्षाक्रम (M85) प्रारूप निम्नलिखित है।

वर्ष	सत्र	पाठ्यक्रम		श्रेयांक
		अनिवार्य	वैकल्पिक	
पहला	पहला	05	01	22
	दूसरा	05	01	22
दूसरा	तीसरा	05	01	22
	चौथा	04	01	22
कुल		23		88

4.2 शिक्षाक्रम उद्देश्य एवं अपेक्षित अधिगम परिणाम

➢ शिक्षाक्रम का उद्देश्य

1. हिंदी साहित्य के विविध कलाओं का प्रवृत्तिगत अध्ययन करना।
2. हिंदी साहित्य के वर्गीकरण की आधार का अध्ययन करना।
3. साहित्य की विविध विधाओं को समझना और विश्लेषण करना।
4. लोकसाहित्य के क्षेत्र में शोध करना और उसके मुख्य पहलुओं का अध्ययन करना।
5. संवाद कौशल और प्रस्तुति कौशल को विकसित करना।
6. हिंदी भाषा का विशिष्ट ज्ञान और लेखन कौशल प्राप्त करना।
7. आलोचनात्मक सोच विकसित करना।
8. साहित्यिक कलाओं का विश्लेषण करना।
9. अनुसंधानात्मक योग्यता को विकसित करना।
10. रोजगार के लिए आवश्यक क्षमताओं को विकसित करना।

➢ शिक्षाक्रम के अपेक्षित अधिगम परिणाम

1. हिंदी साहित्य की विभिन्न कलाओं के प्रवृत्तिगत अध्ययन से विभिन्न साहित्यिक कलाओं को समझाने और विश्लेषण करने की क्षमता विकसित होगी।
2. हिंदी साहित्य के वर्गीकरण की आधार पर साहित्यिक युगों, विविध धाराओं को समझने और उसकी पहचान करने में सक्षम हो।
3. साहित्य की विविध विधाओं का स्वरूपात्मक ज्ञान प्राप्त कर छात्रों में साहित्यिक रूपों और उसकी विशेषताओं की पहचान करने की क्षमता विकसित होगी।
4. लोकसाहित्य के क्षेत्र में शोधकार्य करने से छात्र शोध की मूलभूत विधियों से परिचित होंगे।
5. प्रमुख साहित्यकारों और उनके साहित्यिक ग्रंथों का अध्ययन करने से छात्रों में साहित्यिक समझ में वृद्धि होगी।
6. संवाद कौशलऔर प्रस्तुति कौशल को विकसित करने के लिए प्रशिक्षित होंगे।
7. आलोचनात्मक सोच विकसित होकर छात्रों में साहित्यिक और गैर-साहित्यिक विषयों के बारे में गहराई से सोचने और उन्हें आलोचनात्मक दृष्टिकोण से समझने की क्षमता विकसित होगी।
8. छात्र साहित्यिक कलाओं की विभिन्न धाराओं, शैलियाँ, और कला-संगीत के संदर्भ में समझ विकसित करेंगे।
9. शोध के प्रति रुचि और उत्साह बढ़ेगा, जिससे वे नवीन ज्ञान की खोज और उसमें योगदान कर सकेंगे।
10. छात्र विभिन्न व्यावसायिक कौशल विकसित करेंगे जो उन्हें रोजगार प्राप्त करने और उसमें सफल होने में मदद करेंगे।

05. शिक्षाक्रम संरचना

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुसार, हिंदी स्नातकोत्तर उपाधि (एम.ए.) हिंदी (M85) का शिक्षाक्रम 88 'श्रेयांक' (Credit) का है। यह शिक्षाक्रम सत्र प्रणाली के आधार पर होगा, इसमें 19 अनिवार्य और 4 वैकल्पिक पाठ्यक्रम का समावेश किया गया हैं। इसके साथ शोध प्रविधि, क्षेत्रीय परियोजना और शोध परियोजना जैसे पाठ्यक्रम भी शामिल हैं।

हिंदी विषय में स्नातकोत्तर उपाधि (एम.ए.) हिंदी (M85) का शिक्षाक्रम के प्रथम वर्ष में छात्राओं को 44 श्रेयांक (Credit) का पाठ्यक्रम सफलता पूर्वक पूरा करने पर छात्रों को शिक्षाक्रम से बाहर निकलने का विकल्प (Exit Option) होगा। इस स्थिति में छात्रों को हिंदी विषय में स्नातकोत्तर पदविका (Diploma) प्रदान की जाएगी। और दोनों वर्ष के 88 श्रेयांक (Credit) का पाठ्यक्रम सफलतापूर्वक पूरा करने के बाद छात्रों को स्नातकोत्तर उपाधि (Degree) प्रदान की जाएगी।

5.1 प्रथम वर्ष

5.1.1 प्रवेश पात्रता (Eligibility Criterion)

एम.ए. हिंदी शिक्षाक्रम के प्रथम वर्ष में प्रवेश के लिए निम्नलिखित पात्रता होना अनिवार्य है।

Fulfilling the following Eligibility Criterionfor enrolling into the First Year of M.A. in HIndi Degree Program is essential.

- किसी भी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से किसी भी विषय में स्नातक उपाधि प्राप्त की हो।
  Successful completion of any Undergraduate Degree Program from any recognised University.

5.1.2 शिक्षाक्रम अवधि

UGC Notification of Specification of Degrees, 2014 और UGC (ODL Programmes & OLProgrammes) Regulations, 2020 **अनुसार स्नातकोत्तर उपाधि (एम. ए.) शिक्षाक्रम दो वर्ष का होने के बावजूद, उसे चार वर्षों तक पूरा करने की सुविधाएँ दी गई है। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के उपर्युक्त नियम के अनुसार पंजीकरण अवधि समाप्त होने पर पुन: पंजीकरण नहीं कर सकता है. ऐसे स्थिति में छात्रों को संबंधित शिक्षाक्रम में नए से प्रवेश लेना होगा।**

दूरस्थ शिक्षा पद्धति में छात्र काम करते हुए शिक्षा प्राप्त करते हैं, इसलिए अध्ययन-अवधि के संबंध में लचीलेपन की नीति अपनाई गई है। यदि प्रवेश वर्ष में किसी कारणवंश अध्ययन पाठ्यक्रम पूरा नहीं कर पाया, ऐसे में उस वर्ष के अंत में होने वाली परीक्षा देना आवश्यक नहीं है। छात्र अपनी सुविधा के अनुसार परीक्षा दे सकता है, वर्ष में दो बार परीक्षा देने का अवसर मिलता है। यहां तक कि अगर आप पहले या दूसरे वर्ष के सभी पाठ्यक्रमों में अनुत्तीर्ण हो जाते हैं, तो छात्रों को तीसरे वर्ष में प्रवेश करने का मौका मिलता है, लेकिन विश्वविद्यालय नियमों के अनुसार, छात्र परीक्षा आवेदन (form) भर सकते हैं और परीक्षा दे सकते। मुद्रित अध्ययन सामग्री पुन: पंजीकरण अवधि के दौरान उपलब्ध नहीं होगी, लेकिन विश्वविद्यालय की वेबसाईटपर .pdf प्रारूप उपलब्ध होगी। छात्र इसकी सहायता से अध्ययन कर परीक्षा दे सकते हैं। प्रथम वर्ष के सभी पाठ्यक्रम में अनुत्तीर्ण होने पर भी छात्रों को द्वितीय वर्ष में प्रवेश दिया जाएगा। परंतु विश्वविद्यालय के नियम के अनुसार छात्र को परीक्षा आवेदन भरकर परीक्षा दे सकता है।

5.1.3 माध्यम

सभी पाठ्यक्रमों की पाठ्य-पुस्तकें, पाठ्यक्रम का मार्गदर्शन, गृहकार्य, कक्षा में पाठ्यक्रम का मूल्यांकन और अंतिम परीक्षा के प्रश्नपत्र हिंदी भाषा में ही उपलब्ध होंगे।

5.1.4 शिक्षाक्रम शुल्क

अ.क्र.	शुल्क विवरण	शुल्क रुपये
1.	शिक्षाक्रम विवरण पुस्तिका शुल्क	50.00
2.	शैक्षणिक शुल्क	3,298.00
3.	पात्रता शुल्क	100.00
4.	पंजीकरण शुल्क	200.00
5.	पहचानपत्र पत्रशुल्क	10.00
6.	ई-सुविधा शुल्क	70.00
7.	पुस्तकालय शुल्क	10.00
8.	छात्र कल्याण शुल्क	50.00
9.	मा. राज्यपाल कार्यालय उपक्रम शुल्क	38.00
10.	खेल शुल्क	50.00
11.	संवाद पत्रिका शुल्क	10.00
12.	छात्र विमा योजना शुल्क	20.00
13.	राष्ट्रीय सेवा योजना शुल्क	10.00
14.	आपदा प्रबंधन शुल्क	10.00
15.	अध्ययनकेंद्र / छात्र सहायता केंद्र शुल्क	2,000.00
16.	परीक्षा शुल्क	2,530.00
	कुल शुल्क आठ हजार चारसौ छप्पन रुपये मात्र	**8,456.00**

❖ शिक्षाक्रम शुल्क के संबंध में सूचना

आवेदक जिस शिक्षाक्रम में प्रवेश लेने वाले है, उस शिक्षाक्रम की प्रवेश शुल्क की जानकारी शिक्षाक्रम विवरण पुस्तिका में दी गई है। विश्वविद्यालय और अध्ययन केंद्र/ छात्र सहायता केंद्र के शुल्क इसमें समावेश हैं, इसलिए अध्ययन केंद्र/ छात्र सहायता केंद्र में इसके अतिरिक्त शुल्क नहीं लिया जाता है। शुल्क भुगतान के लिए प्रवेश आवेदन के बाद, दिए गए लिंकपर ऑनलाईन पेमेंट गेटवे का उपयोग कर क्रेडिट/ डेबिट कार्ड, यूपीआई या नेट बैंकिंग के माध्यम से शुल्क भुगतान करना है। दिए गए लिंक के अतिरिक्त किसी भी अन्य लिंक पर की गई शुल्क का स्वीकार नहीं होगा। इसके लिए आवेदक स्वयं जिम्मेदार रहेगा। इसलिए शुल्क सावधानीपूर्वक विश्वविद्यालय द्वारा दी गई लिंक पर ही भरे।

ऑनलाईन माध्यम से प्रवेश प्रक्रियाँ पूर्ण कर प्रवेश सुनिच्छित करें, और दी गई मोबाईल क्र. पर प्रवेश सुनिच्छित होने का और आपका प्रवेश होने के बाद स्थायी पंजीकरण क्रमांक का मेसेज (sms) मिलने की प्रतीक्षा करें। छात्र ने प्रवेश सुनिच्छित हुआ या नहीं और कैसे हुआ इस संदर्भ में छात्रों को चयन की गई अध्ययन केंद्र/ छात्र सहायता केंद्र से हमेशा संपर्क में रहना हैं।

5.1.5 प्रथम वर्ष की पाठ्यक्रम संरचना

एम. ए. हिंदी शिक्षाक्रम की प्रथम वर्ष का अनिवार्य और वैकल्पिक पाठ्यक्रम के संरचना, शीर्षक एवं सांकेतांक सहित नीचे कोष्ठक में दी है और आगे स्वयं-अध्ययन सामग्री की सूची दी है।

❖ प्रथम सत्र

पाठ्यक्रम प्रकार	पाठ्यक्रम	पाठ्यक्रम सांकेतांक	पाठ्यक्रम शीर्षक	श्रेयांक
अनिवार्य	मुख्य अनिवार्य- 1	HIN501	हिंदी साहित्य का इतिहास (आदिकाल, भक्तिकाल, रीतिकाल)	4
	मुख्य अनिवार्य- 2	HIN506	भारतीय साहित्य	4
	मुख्य अनिवार्य- 3	HIN502	कथा साहित्य	4
	मुख्य अनिवार्य -4	HIN514	संप्रेषण कौशल	2
वैकल्पिक (इनमें से कोई एक)	वैकल्पिक - 1	HIN505	हिंदी साहित्य : विविध विमर्श	4
	वैकल्पिक - 2	HIN503	काथेत्तर गद्य साहित्य	
शोध प्रविधि (RM)	अनिवार्य	HIN599	शोध प्रविधि	4
कुल श्रेयांक				**22**

❖ द्वितीय सत्र

पाठ्यक्रम प्रकार	पाठ्यक्रम	पाठ्यक्रम सांकेतांक	पाठ्यक्रम शीर्षक	श्रेयांक
अनिवार्य	मुख्य अनिवार्य- 1	HIN507	हिंदी साहित्य का इतिहास (आधुनिक काल)	4
	मुख्य अनिवार्य- 2	HIN508	भाषा विज्ञान	4
	मुख्य अनिवार्य- 3	HIN515	प्राचीन और मध्ययुगीन काव्य	4
	मुख्य अनिवार्य- 4	HIN516	सृजनात्मक लेखन	2
वैकल्पिक (इनमें से कोई एक)	वैकल्पिक- 1	HIN511	राजभाषा हिंदी	4
	वैकल्पिक- 2	HIN517	हिंदी वेब साहित्य	
क्षेत्रीय परियोजना	अनिवार्य	HIN513	क्षेत्रीय परियोजना	4
कुल श्रेयांक				**22**

पहला वर्ष पाठ्यक्रम और स्वयं-अध्ययन सामग्री की सूची

➢ प्रथम सत्र

अनिवार्य पाठ्यक्रम

1. **हिंदी साहित्य का इतिहास (आदिकाल, भक्तिकाल और रीतिकाल) (HIN501)(4 श्रेयांक)**

   पुस्तक 1 : हिंदी साहित्येतिहास की लेखन परंपरा
   पुस्तक 2 : हिंदी साहित्य आदिकाल
   पुस्तक 3 : हिंदी साहित्य - भक्तिकाल
   पुस्तक 4 : हिंदी साहित्य -रीतिकाल

2. **भारतीय साहित्य (HIN506) (4 श्रेयांक)**

   पुस्तक 1 : भारतीय साहित्य की अवधारणा
   पुस्तक 2 : प्रतिनिधि भारतीय कवि
   पुस्तक 3 : प्रतिनिधि भारतीय कथाकार
   पुस्तक 4 : प्रतिनिधि भारतीय नाटककार

3. **कथा साहित्य (HIN502) (4 श्रेयांक)**

   पुस्तक 1 : कहानी उदभव और विकास
   पुस्तक 2 : कहानी
   पुस्तक 3 : उपन्यास उदभव और विकास
   पुस्तक 4 : उपन्यास : फाँस और दौड़

4. **संप्रेषण कौशल (HIN514) (2 श्रेयांक)**

   पुस्तक 1 : वाचन कला - काव्य / नाट्य / कथा
   पुस्तक 2 : संभाषण कला

वैकल्पिक पाठ्यक्रम (Major (Elective)(इन दोनों में से एक)

5. **हिंदी साहित्य विविध विमर्श (HIN505) (4 श्रेयांक)**

   पुस्तक 1 : विमर्श संकल्पना और स्वरूप
   पुस्तक 2 : स्त्री विमर्श
   पुस्तक 3 : दलित विमर्श
   पुस्तक 4 : आदिवासी विमर्श - लेखक हरि राम मीणा

   अथवा

6. **कथेत्तर गद्य साहित्य (HIN503) (4 श्रेयांक)**

   पुस्तक 1 : हिंदी निबंध -
   पुस्तक 2 : जीवनी और आत्मकथा
   पुस्तक 3 : रेखाचित्र और संस्मरण
   पुस्तक 4 : यात्रावृत्तांत और साक्षात्कार

अनिवार्य पाठ्यक्रम

शोध प्रविधि (Research Methodology) (HIN599) (4 श्रेयांक)

7. **शोध प्रविधि**

   पुस्तक 1 : शोध स्वरूप एवं संकल्पना
   पुस्तक 2 : शोध प्रविधि और प्रक्रिया
   पुस्तक 3 : शोध में संसाधानो का उपयोग
   पुस्तक 4 : शोध लेखन प्रणाली और प्रस्तुति

➢ द्वितीय सत्र

अनिवार्य पाठ्यक्रम

8. हिंदी साहित्य का इतिहास (आधुनिक काल) (HIN507) (4 श्रेयांक)

पुस्तक 1 : आधुनिक काल की पृष्ठभूमि
पुस्तक 2 : स्वतंत्रतापूर्व हिंदी साहित्य
पुस्तक 3 : स्वातंत्र्योत्तर हिंदी साहित्य(2000 तक
पुस्तक 4 : इक्कीसवी सदी का हिंदी साहित्य

9. भाषा विज्ञान (HIN508) (4 श्रेयांक)

पुस्तक 1 : भाषाविज्ञान का स्वरूप और व्याप्ति
पुस्तक 2 : भाषा परिवार
पुस्तक 3 : भाषाविज्ञान के विविध अंग
पुस्तक 4 : अनुप्रयुक्त भाषाविज्ञान

10. प्राचीन और मध्ययुगीन काव्य (HIN515) (4 श्रेयांक)

पुस्तक 1 : आदिकालीन काव्य
पुस्तक 2 : भक्तिकालीन निर्गुण काव्य
पुस्तक 3 : भक्तिकालीन सगुण काव्य
पुस्तक 4 : रीतिकालीन काव्य

11. सृजनात्मक लेखन (HIN516) (2 श्रेयांक)

पुस्तक 1 : सृजनात्मक लेखन : सैद्धांतिक पक्ष
पुस्तक 2 : सृजनात्मक लेखन : व्यावहारिक पक्ष

वैकल्पिक (१२ और १३ इन दोनों में से कोई एक)

12. राजभाषा हिंदी (HIN511) (4 श्रेयांक)

पुस्तक 1 : संवैधानिक प्रावधान
पुस्तक 2 : कार्यालयीन हिंदी
पुस्तक 3 : आलेखन और टिप्पण
पुस्तक 4 : प्रशासनिक शब्दावली

अथवा

13. हिंदी वेब साहित्य (HIN517) (4 श्रेयांक)

पुस्तक 1 : कंप्युटर (संगणक) प्रणाली- उद्भव और विकास
पुस्तक 2 : हिंदी वेब - उद्भव और विकास
पुस्तक 3 : हिंदी वेब साहित्य
पुस्तक 4 : भाषा प्रौद्योगिकी-विकास एवं प्रयोग

अनिवार्य पाठ्यक्रम

14. क्षेत्रीय परियोजना (FP) (HIN513) (4 श्रेयांक)

क्षेत्रीय परियोजना से संबंधित मार्गदर्शिका, विषय सूची और क्षेत्रीय परियोजना का ढाँचा विश्वविद्यालय की वेबसाईट https://ycmou.digitaluniversity.ac/Content.aspx?ID=890 पर उपलब्ध की गई है।

5.2 द्वितीय वर्ष

5.2.1 प्रवेश पात्रता (Eligibility Criterion)

एम.ए. हिंदी शिक्षाक्रम के द्वितीय वर्ष में प्रवेश के लिए निम्नलिखित पात्रता होना अनिवार्य है।

Fulfilling the following Eligibility Criterionfor enrolling into the First Year of M.A. in HIndi Degree Program is essential.

- यशवंतराव चव्हाण महाराष्ट्र मुक्त विश्वविद्यालय का राष्ट्रीय शैक्षणिक नीति, 2020 के अनुसार एम. ए. हिंदी प्रथम वर्ष में पंजीकरण सभी छात्राएं।

  All such students who had enrolled in to the Fist Year of M. A. in Hindi Degree Program as per National Eduction Policy (NEP) in Yshvantrao Chavan Maharastra Open Univrsity.

5.2.2 शिक्षाक्रम अवधि

UGC Notification of Specification of Degrees, 2014 और UGC (ODL Programmes & OLProgrammes) Regulations, 2020 **अनुसार स्नातकोत्तर उपाधि (एम. ए.) शिक्षाक्रम दो वर्ष का होने के बावजूद, उसे चार वर्षों तक पूरा करने की सुविधाएँ दी गई है। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के उपर्युक्त नियम के अनुसार पंजीकरण अवधि समाप्त होने पर पुन: पंजीकरण नहीं कर सकता है. ऐसे स्थिति में छात्रों को संबंधित शिक्षाक्रम में नए से प्रवेश लेना होगा।**

दूरस्थ शिक्षा पद्धति में छात्र काम करते हुए शिक्षा प्राप्त करते हैं, इसलिए अध्ययन-अवधि के संबंध में लचीलेपन की नीति अपनाई गई है। यदि प्रवेश वर्ष में किसी कारणवंश अध्ययन पाठ्यक्रम पूरा नहीं कर पाया, ऐसे में उस वर्ष के अंत में होने वाली परीक्षा देना आवश्यक नहीं है। छात्र अपनी सुविधा के अनुसार परीक्षा दे सकता है, वर्ष में दो बार परीक्षा देने का अवसर मिलता है। यहां तक कि अगर आप पहले या दूसरे वर्ष के सभी पाठ्यक्रमों में अनुत्तीर्ण हो जाते हैं, तो छात्रों को तीसरे वर्ष में प्रवेश करने का मौका मिलता है, लेकिन विश्वविद्यालय नियमों के अनुसार, छात्र परीक्षा आवेदन (form) भर सकते हैं और परीक्षा दे सकते। मुद्रित अध्ययन सामग्री पुन: पंजीकरण अवधि के दौरान उपलब्ध नहीं होगी, लेकिन विश्वविद्यालय की वेबसाईटपर .pdf प्रारूप उपलब्ध होगी। छात्र इसकी सहायता से अध्ययन कर परीक्षा दे सकते हैं। प्रथम वर्ष के सभी पाठ्यक्रम में अनुत्तीर्ण होने पर भी छात्रों को द्वितीय वर्ष में प्रवेश दिया जाएगा। परंतु विश्वविद्यालय के नियम के अनुसार छात्र को परीक्षा आवेदन भरकर परीक्षा दे सकता है।

5.2.3 माध्यम

सभी पाठ्यक्रमों की पाठ्य-पुस्तकें, पाठ्यक्रम का मार्गदर्शन, गृहकार्य, कक्षा में पाठ्यक्रम का मूल्यांकन और अंतिम परीक्षा के प्रश्नपत्र हिंदी भाषा में ही उपलब्ध होंगे।

5.2.4 शिक्षाक्रम शुल्क

अ.क्र.	शुल्क विवरण	शुल्क रुपये
1.	शिक्षाक्रम विवरण पुस्तिका शुल्क	50.00
2.	शैक्षणिक शुल्क	3,140.00
3.	पंजीकरण शुल्क	200.00
4.	ई-सुविधा शुल्क	70.00
5.	पुस्तकालय शुल्क	10.00
6.	छात्र कल्याण शुल्क	50.00
7.	मा. राज्यपाल कार्यालय उपक्रम शुल्क	38.00
8.	खेल शुल्क	50.00
9.	संवादपत्रिका शुल्क	10.00
10.	छात्र विमा योजना शुल्क	20.00
11.	राष्ट्रीय सेवा योजना शुल्क	10.00
12.	आपदा प्रबंधन शुल्क	10.00
13.	अध्ययनकेंद्र / छात्र सहायता केंद्र शुल्क	2,000.00
14.	परीक्षा शुल्क	2,480.00
15	उपाधि प्रदान शुल्क	450.00
16.	माजी छात्र संघ शुल्क	10.00
	कुल शुल्क आठ हजार पाँच सौ अट्ठानवे रुपये मात्र	**8,598.00**

❖ शिक्षाक्रम शुल्क के संबंध में सूचना

आवेदक जिस शिक्षाक्रम में प्रवेश लेने वाले है, उस शिक्षाक्रम की प्रवेश शुल्क की जानकारी शिक्षाक्रम विवरण पुस्तिका में दी गई है। विश्वविद्यालय और अध्ययन केंद्र/ छात्र सहायता केंद्र के शुल्क इसमें समावेश हैं, इसलिए अध्ययन केंद्र/ छात्र सहायता केंद्र में इसके अतिरिक्त शुल्क नहीं लिया जाता है। शुल्क भुगतान के लिए प्रवेश आवेदन के बाद, दिए गए लिंकपर ऑनलाईन पेमेंट गेटवे का उपयोग कर क्रेडिट/ डेबिट कार्ड, यूपीआई या नेट बैंकिंग के माध्यम से शुल्क भुगतान करना है। दिए गए लिंक के अतिरिक्त किसी भी अन्य लिंक पर की गई शुल्क का स्वीकार नहीं होगा। इसके लिए आवेदक स्वयं जिम्मेदार रहेगा। इसलिए शुल्क सावधानीपूर्वक विश्वविद्यालय द्वारा दी गई लिंक पर ही भरे।

ऑनलाईन माध्यम से प्रवेश प्रक्रियाँ पूर्ण कर प्रवेश सुनिच्छित करें, और दी गई मोबाईल क्र. पर प्रवेश सुनिच्छित होने का और आपका प्रवेश होने के बाद स्थायी पंजीकरण क्रमांक का मेसेज (sms) मिलने की प्रतीक्षा करें। छात्र ने प्रवेश सुनिच्छित हुआ या नहीं और कैसे हुआ इस संदर्भ में छात्रों को चयन की गई अध्ययन केंद्र/ छात्र सहायता केंद्र से हमेशा संपर्क में रहना हैं।

5.2.5 द्वितीय वर्ष की पाठ्यक्रम संरचना

एम. ए. हिंदी शिक्षाक्रम की द्वितीय वर्ष का अनिवार्य और वैकल्पिक पाठ्यक्रम के संरचना, शीर्षक एवं सांकेतांक सहित नीचे कोष्ठक में दी है और आगे स्वयं-अध्ययन सामग्री की सूची दी है।

❖ तृतीय सत्र

पाठ्यक्रम प्रकार	पाठ्यक्रम	पाठ्यक्रम सांकेतांक	पाठ्यक्रम शीर्षक	श्रेयांक
अनिवार्य	मुख्य अनिवार्य- 1	HIN601	माध्यम लेखन	4
	मुख्य अनिवार्य- 2	HIN611	काव्यशास्त्र : भारतीय एवं पाश्चात्य	4
	मुख्य अनिवार्य- 3	HIN612	नाटक और रंगमंच	4
	मुख्य अनिवार्य – 4	HIN604	लोकसाहित्य : सिद्धांत और व्यवहार	2
वैकल्पिक (इनमें से कोई एक)	वैकल्पिक – 1	HIN605	साहित्य और सिनेमा	4
	वैकल्पिक – 2	HIN613	अनुवाद अध्ययन	
शोध परियोजना (RP)	अनिवार्य	HIN600	शोध परियोजना (RP)	4
अनिवार्य	ऑडीट कोर्स	CSC104	सायबर सिक्युरिटी (परिशिष्ट 9 देखें)	-
कुल श्रेयांक				**22**

नोट : साइबर सिक्योरिटी (CSC104) एक अनिवार्य ऑडिट कोर्स है, जो ऑनलाइन संचालित किया जाएगा तथा इसकी परीक्षा भी ऑनलाइन होगी। इस पाठ्यक्रम में प्राप्त अंक / क्रेडिट्स को शैक्षणिक श्रेणी (डिवीजन/ग्रेड) निर्धारित करते समय मान्य नहीं किया जाएगा। (विस्तृत जानकारी के लिए परिशिष्ट 09 देखें।)

❖ चतुर्थ सत्र

पाठ्यक्रम प्रकार	पाठ्यक्रम	पाठ्यक्रम सांकेतांक	पाठ्यक्रम शीर्षक	श्रेयांक
अनिवार्य	मुख्य अनिवार्य- 1	HIN614	आधुनिक काव्य	4
	मुख्य अनिवार्य- 2	HIN603	हिंदी आलोचना	4
	मुख्य अनिवार्य- 3	HIN609	हिंदी भाषा का विकास	4
वैकल्पिक (इनमें से कोई एक)	वैकल्पिक- 1	HIN608	हिंदी भाषा शिक्षण	4
	वैकल्पिक- 2	HIN610	हिंदी पत्रकारिता	
शोध परियोजना	अनिवार्य	HIN699	शोध परियोजना (RP)	6
कुल श्रेयांक				**22**

द्वितीय वर्ष की पाठ्यक्रम और स्वयं-अध्ययन सामग्री की सूची

➢ तृतीय सत्र

अनिवार्य पाठ्यक्रम

Major (Mandatory)

15. माध्यम लेखन (HIN601) (4 श्रेयांक)

पुस्तक 1. मुद्रित - माध्यमों के लिए लेखन

पुस्तक 2. दृश्य-श्रव्य माध्यमों के लिए लेखन
पुस्तक 3. टेलीविजन : प्रसारण तकनीक तथा कार्यक्रम निर्माण
पुस्तक 4. सोशल मीडिया के लिए लेखन

16. काव्यशास्त्र : भारतीय एवं पाश्चात्य (HIN611)(4 श्रेयांक)

पुस्तक 1. भारतीय काव्यशास्त्र भाग - I
पुस्तक 2. भारतीय काव्यशास्त्र भाग - II
पुस्तक 3. पाश्चात्य काव्यशास्त्र - I
पुस्तक 4. पाश्चात्य काव्यशास्त्र - II

17. नाटक और रंगमंच (HIN612) (4 श्रेयांक)

पुस्तक 1. हिंदी नाटक और रंगमंच
पुस्तक 2. हिंदी के प्रमुख नाटककार
पुस्तक 3. हिंदी में अनूदित नाटक
पुस्तक 4. हिंदी के दृश्य-श्रव्य नाटक

18. लोकसाहित्य : सिद्धांत और व्यवहार (HIN604) (2 श्रेयांक)

पुस्तक 1. लोकसाहित्य : सैद्धांतिक पक्ष
पुस्तक 2. लोकसाहित्य : व्यावहारिक पक्ष

Major (Elective) (19 और 20 में से किसी एक)

19. साहित्य और सिनेमा(HIN605) (4 श्रेयांक)

पुस्तक 1. सिनेमा परिचय
पुस्तक 2. सिनेमा : पटकथा से परदे तक
पुस्तक 3. साहित्य और सिनेमा
पुस्तक 4. समाज और सिनेमा

अथवा

20. अनुवाद अध्ययन (HIN613) (4 श्रेयांक)

पुस्तक 1. अनुवाद संकल्पना और स्वरूप
पुस्तक 2. तकनीकी अनुवाद
पुस्तक 3. अनुवादक की विविध भूमिकाएँ
पुस्तक 4. अनुवादक पुनरीक्षण और मूल्यांकन

अनिवार्य पाठ्यक्रम

21. शोध परियोजना (RP) (HIN600) (4 श्रेयांक)

शोध परियोजना से संबंधित मार्गदर्शिका, शोध परियोजना का ढाँचा और विषय सूची विश्वविद्यालय की वेबसाईट https://ycmou.digitaluniversity.ac/Content.aspx?ID=890 पर उपलब्ध की गई है।

➢ चतुर्थ सत्र

अनिवार्य पाठ्यक्रम

22. आधुनिक काव्य (HIN614) (4 श्रेयांक)

पुस्तक 1. भारतेंदु और द्विवेदी युग
पुस्तक 2. छायावादी और प्रगतिवादी युग
पुस्तक 3. प्रयोगवाद और नई कविता
पुस्तक 4. साठोत्तरी हिंदी कविता

23. हिंदी आलोचना (HIN603) (4 श्रेयांक)

पुस्तक 1. हिंदी आलोचना – स्वरूप एवं विकास
पुस्तक 2. हिंदी आलोचना – विविध वाद
पुस्तक 3. हिंदी आलोचना पर पाश्चात्य प्रभाव
पुस्तक 4. हिंदी के प्रमुख आलोचक

24. हिंदी भाषा का विकास (HIN609) (4 श्रेयांक)

पुस्तक 1. हिंदी भाषा का ऐतिहासिक पृष्ठभूमि
पुस्तक 2. हिंदी की उपभाषाएँ और बोलियाँ
पुस्तक 3. हिंदी भाषा की संरचना
पुस्तक 4. हिंदी भाषा और देवनागरी

Major (Elective) (25 और 26 में से किसी एक)

25. हिंदी भाषा शिक्षण (HIN608) (4 श्रेयांक)

पुस्तक 1. भाषा शिक्षण की भुमिका
पुस्तक 2. भाषाई कौशल
पुस्तक 3. भाषा शिक्षण की विधियाँ
पुस्तक 4. भाषा शिक्षण

अथवा

26. हिंदी पत्रकारिता (HIN610) (4 श्रेयांक)

पुस्तक 1. पत्रकारिता का स्वरूप – विवेचन
पुस्तक 2. हिंदी पत्रकारिता : उद्भव और विकास
पुस्तक 3. पत्रकारिता : संपादन कला और प्रबंधन
पुस्तक 4. हिंदी पत्रकारिता के विविध आयाम

अनिवार्य पाठ्यक्रम

27. शोध परियोजना (RP) (HIN699) (6 श्रेयांक)

शोध परियोजना से संबंधित मार्गदर्शिका, शोध परियोजना का ढाँचा और विषय सूची विश्वविद्यालय की वेबसाईट https://ycmou.digitaluniversity.ac/Content.aspx?ID=890 पर उपलब्ध की गई है।

06. मूल्यांकन पद्धति

छात्रों का मूल्यांकन दो स्तरों पर किया जाएगा। पहला अंतर्गत मूल्यांकन (गृहकार्य) और दूसरा सत्रांत परीक्षा (लिखित परीक्षा) पाठ्यक्रम के अंक विवरण का अनुपात क्रमश ३०: ७० का रहेगा। प्रथम वर्ष के क्षेत्रीय परियोजना और द्वितीय वर्ष के शोध परियोजना पाठ्यक्रम के मूल्यांकन अंतर्गत मूल्यांकन (अंतर्गत प्रस्तुति) और अंतिम मूल्यांकन (मौखिक परीक्षा) ऐसे दो स्तर में किया जाएगा। पाठ्यक्रम के अंकों (गुणदान) का स्वरूप अनुपात ५०:५० होगा।

6.1 प्रथम वर्ष मूल्यांकन पद्धति

6.1.1 अंतर्गत मूल्यांकन पद्धति

अंतर्गत मूल्यांकन में प्रत्येक पाठ्यक्रम के लिए गृहकार्य दिया जाएगा। गृहकार्य के प्रश्न विश्वविद्यालय के वेबसाईट www.ycmou.ac.in अथवा http://ycmou.digitaluniversity.ac पर उपलब्ध कर दी जाएगी। छात्रों ने गृहपाठ के प्रश्न अध्ययनकेंद्र / छात्र सहायता केंद्र के सहायता से अथवा स्वयं डाऊनलोड करें।

गृहकार्य प्रश्नों के उत्तर लिखने के लिए विश्वविद्यालय के पोर्टल पर बारकोड पृष्ठ उपलब्ध है। उस पृष्ठों की प्रिंट निकलकर उस पर स्वहस्तलिखित में गृहकार्य प्रश्नों के उत्तर लिखना है। फिर उसे स्कैन कर .pdf फाईल पोर्टल में अपलोड करें। **गृहपाठ अपलोड करने के संदर्भ में विस्तार से सूचना क्र 6 .3 में दिए गए निर्देश के अनुपालन करें।**

चार श्रेयांक के पाठ्यक्रम में गृहकार्य के लिए 30 में से और दोन श्रेयांक के पाठ्यक्रम में गृहकार्य के 15 में से प्राप्त अंक गुणपत्रिका में स्वतंत्र रूप से [Continuous Assessment (CA)] रूप से दर्शाया जाएगे। प्रत्येक पाठ्यक्रम के अंतर्गत/आंतरिक मूल्यांकन के लिए 30% अंकों का भार (Weightage) होगा। उत्तीर्ण होने के लिए प्रत्येक पाठ्यक्रम में न्यूनतम 40 % अंक प्राप्त करना अनिवार्य हैं।

अंतर्गत मूल्यांकन का प्रारूप

4 श्रेयांक के लिए 30 अंकों के प्रश्न		**2 श्रेयांक के लिए 15 अंकों के प्रश्न**	
प्रश्नों के स्वरूप और प्रश्न क्रमांक	**अंक**	**प्रश्न क्र**	**अंक**
दीर्घोत्तरी प्रश्न – 1	10 अंक	दीर्घोत्तरी प्रश्न – 1	10 अंक
लघुत्तरी प्रश्न – 2 (प्रत्येकी 5 अंक)	10 अंक	लघुत्तरी प्रश्न – 1	5 अंक
वस्तुनिष्ठ प्रश्न – 10 (प्रत्येकी 1 अंक)	10 अंक	-	-
कुल अंक	**30 अंक**		**15 अंक**

6.1.2 अंतिम मूल्यांकन (सत्रांत मूल्यांकन)

संत्रांत परीक्षा मूल्यांकन प्रारूप का अभिन्न अंग है। प्रत्येक सत्र के अंत में सत्रांत परीक्षा (लिखित परीक्षा) होगी। चार श्रेयांक के पाठ्यक्रम में 70 में से और दो श्रेयांक के पाठ्यक्रम में 35 में से प्राप्त अंक, गुणपत्रिका में स्वतंत्र [University Assessment (UA)] रूप से दर्शाया जाएगे। प्रत्येक पाठ्यक्रम में अंतिम मूल्यांकन के लिए 70% अंको का भार (Weightage) होगा। उत्तीर्ण होने के लिए इसमें न्यूनतम 40% अंक प्राप्त करना आवश्यक है।

अंतिम मूल्यांकन प्रारूप

4 श्रेयांक के लिए 70 अंकों के प्रश्न					
प्र. क्र.	**प्रश्नों के स्वरूप**	**प्रश्न क्र.**	**विकल्प**	**अंक**	**कुल अंक**
1.	दीर्घोत्तरी प्रश्न	3 प्रश्न	प्रति एक 1 विकल्प	प्रत्येकी10 अंक	30
2.	लघुत्तरी प्रश्न	5 प्रश्न	1 विकल्प	प्रत्येकी 5 अंक	25
3.	अतिलघुत्तरीय प्रश्न	5 प्रश्न	1 विकल्प	प्रत्येकी 3 अंक	15
	कुल अंक				**70**

2 श्रेयांक के लिए 35 अंकों के प्रश्न					
प्र. क्र.	**प्रश्नों के स्वरूप**	**प्रश्न क्र.**	**विकल्प**	**अंक**	**कुल अंक**
1.	दीर्घोत्तरी प्रश्न	1 प्रश्न	1 विकल्प	प्रत्येकी 10 अंक	10
2.	लघुत्तरी प्रश्न	2 प्रश्न	1 विकल्प	प्रत्येकी 5 अंक	10
3.	अतिलघुत्तरीय प्रश्न	5 प्रश्न	1 विकल्प	प्रत्येकी 3 अंक	15
	कुल अंक				**35**

6.1.3 'क्षेत्रीय परियोजना' मूल्यांकन पद्धति

प्रथम वर्ष के द्वितीय सत्र में 'क्षेत्रीय परियोजना' पाठ्यक्रम (HIN513) चार श्रेयांक (क्रेडिट) का होगा। क्षेत्रीय परियोजना' 100 अंकों में विभाजित है। इसमें आंतरिक मूल्यांकन (रिपोर्ट प्रस्तुति) और अंतिम परीक्षा (मौखिक परीक्षा) का भार 50 : 50 अंको का होगा। **'क्षेत्रीय परियोजना' अध्ययनकेंद्र / छात्र सहायता केंद्र पर ही प्रत्यक्ष रूप में प्रस्तुत करना है। गृहपाठ के अनुसार विश्वविद्यालय के वेबसाईट/पोर्टल पर अपलोड नहीं करना है।**

